सपोटरा विधायक से मिले शिक्षक पदाधिकारी

करौली । बालौती कार्यालय पर राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर एवं राजस्थान प्रबोधक संघ के पदाधिकारी सपोटरा विधायक हंसराज मीना से प्रबोधको एवं शिक्षकों की विभिन्न मांगो को लेकर मिले।

उन्होंने बताया कि शिक्षक संघ अम्बेडकर के प्रवक्ता एवं राजस्थान प्रबोधक संघ भामसा के जिला प्रभारी गंगाराम प्रजापत ने बताया कि राजस्थान में प्रबोधकों की पदोन्नित लंबित चल रही है,प्रबोधकों की पदोन्नित वरिष्ठ प्रबोधक पद द्वितीय श्रेणी अध्यापक के पद पर 7वर्ष पूर्व 2017 में ही हो जानी चाहिए थी जो अभी तक लंबित है वरिष्ठ प्रबोधक बनाकर उल्टा पदा बनत एल 1 कर दिया जिसे सुधार कर द्वितीय श्रेणी अध्यापक के समान करना है 2008 में नियुक्त अध्यापक, प्रबोधको की वेतन विसंगति दूर करने,अस्थाई नियुक्ति से पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने अधिशेष प्रबोधको की परिवेदना निस्तारण नहीं होने से कुछ प्रबोधको को न्यायालय से स्थगन लेना पड़ा है उनका निस्तारण करते हुए पूर्व विद्यालय के निकटतम स्थान पर पदस्थापन देने की मांग की,पूर्व में की गई अस्थाई सेवा प्रथम नियुक्ति से पेंशन परिलाभ दिए गए ज्ञापन देने वालों में राजस्थान प्रबोधक संघ करौली के जिला प्रभारी गंगाराम प्रजापत, शिक्षक संघ अम्बेडकर संरक्षक शैलेंद्र बागौरिया आदि उपस्थित रहे।

अतिक्रमण को हटाने की मांग, विधायक को सौंपा ज्ञापन

करौली । करौली. सपोटरा क्षेत्र के कसेड ग्राम पंचायत के अरोरा गांव वासियों ने सपोटरा विधायक के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर ग्रामीणों ने श्मशान भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग की है। अरोरा गांव लोगों ने सपोटरा विधायक हंसराज मीणा के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

■ **ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम अरोरा में श्मशान भूमि पूर्व से राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है।**

ग्रामीणों ने श्मशान भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग की है।ग्राम पंचायत कसेड सरपंच चरण बाई मीणा सहित सपोटरा विधायक हंसराज मीणा और बड़ी संख्या में आए ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम अरोरा में श्मशान भूमि पूर्व से राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है। लेकिन कुछ दबंग लोगों द्वारा करीब ढाई बीघा भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है तथा पक्के निर्माण भी कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि गांव की करीब 500 घर की आबादी है।

शमशान पर अवैध कब्जा के कारण अंतिम संस्कार के लिए बिल्कुल भी भूमि नहीं बची है। ग्रामीणों ने बताया कि हिंदू रीति रिवाज से अंतिम संस्कार करते हैं। लेकिन भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में करीब 8-9 वर्ष से श्मशान में एक हैंडपंप एवं पानी की टंकी भी लगी हुई है। उन्होंने ज्ञापन सौंप कर उचित कार्रवाई करते हुए श्मशान भूमि को खाली करवाने की मांग की है। ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

ग्राम पंचायत कसेड सरपंच चरण बाई मीणा (दायें से चौथे) सहित सपोटरा विधायक हंसराज मीणा और बड़ी संख्या में आए ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा ।

अन्नकूट की प्रसादी बांटी

सूरौठ। तहसील के खाकी जी हनुमान मंदिर व शिव मंदिर बंजारों के नंगला में सोमवार की शाम को अन्नकूट महोत्सव प्रसादी का किया गया आयोजन जिसमें सभी भक्तजन प्रसादी तैयार कराने में जुट गए जिसमें प्रसादी तैयार हों जाने के बाद सर्वप्रथम भगवान को भोग लगाने के बाद सभी भक्तजनों को अन्नकूट प्रसादी का वितरण किया गया जिसमें समस्त ग्रामीणों ने पंगत पर बैठकर प्रसादी ग्रहण की

ग्रामीण बंजारा समाज के कमेटी अध्यक्ष (वार्ड पंच)-दशरथ सिंह बंजारा कमेटी के सदस्य कप्तान बंजारा ,दर्शन सिंह बंजारा, मैमसिंह बंजारा ,लोकेश बंजारा, गब्बर बंजारा ,रिंकू बंजारा, राजू बंजारा ,राजेश बंजारा, होडीलाल बंजारा इन्होंने ने शिव मंदिर पर प्रसादी तैयार कराने में अपनी भूमिका निभाई,खाकी जी हनुमान मंदिर पर सभी भक्तजनों के सहयोग से सुबह 1बजे से प्रसादी बनाना चालू कर दिया गया जो दोपहर 4 बजे तैयार हुआ जिसका वितरण खाकी जी हनुमान मंदिर व शिव मंदिर पर भोग लगाकर जयकारों के साथ किया गया जो देर रात्रि 7 बजे तक चलता रहा इस दौरान मंदिर पर मेला जैसा माहौल बन गया।

ग्रामीणों ने प्रसादी का आनंद लिया और हनुमान जी भगवान के दर्शन करके क्षेत्र में सुख शांति की कामना इस मौके पर कई लोग रहें उपस्थित।

महाविद्यालय के चुनाव हुए संपन्न

करौली । जिला अग्रवाल सम्मेलन दौसा के तीन वर्षीय कार्यकाल के चुनाव रविवार को अग्रसेन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय महवा में निवार्चन अधिकारी मूलचंद गुप्ता जिलाध्यक्ष करौली व प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र गर्ग गंगापुर सिटी कि देखरेख में सम्पन्न हुऐ।

निर्वाचन अधिकारी मूलचंद गुप्ता व महेंद्र गर्ग ने बताया कि दौसा जिले के अधिवेशन में जिला दौसा कि सभी इकाईयों के अध्यक्ष, मंत्री, पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्यों व उपस्थित अग्रवाल बन्धुओं कि उपस्थिति व वरिष्ठ अग्रवाल बन्धुओं के सामूहिक प्रयास के बाद सर्वसम्मति से सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन किया गया।जिलाध्यक्ष पद पर जगदीश मंगल लालसोट,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार रामगढिया,जिला महामंत्री नवरत्न बंसल महवा,जिला कोषाध्यक्ष राजेंद्र गोयनका महवा, जिला उप महामंत्री राजेश गोयल लालसोट, उपखंड व तहसील स्तर पर महवा से जिला उपाध्यक्ष भोलानाथ बजाज, मंडावर से नरेश बंसल,सिकराय से अशोक कंसल, दौसा से विजय मित्तल, लालसोट से सतीश चैधरी, बांदीकुई से विनोद गोयल निर्वाचित हुए।महिलाओं की उपस्थिति में सर्वसम्मति से महिला जिलाध्यक्ष श्वेता गोयल बांदीकुई, महिला जिला महामंत्री रेणु गोयल महवा निर्विरोध निर्वाचित हुई। युवाओं की उपस्थिति में जिला युवा अध्यक्ष पद पर रोहित गर्ग महवा, युवा जिला महामंत्री मुरारी बंसल मंडावर को सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को जिले के वरिष्ठ अग्रवाल बन्धुओं व जिले के सैकडों अग्रवाल बन्धुओं की उपस्थिति में चुनाव अधिकारी मूलचंद गुप्ता ने शपथ दिलाई।

अंबेडकर समिति ने सौंपा ज्ञापन

करौली (नि.स.)। डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह समिति अंबेडकर पार्क करौली के पदाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम का जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा है। डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह समिति के अध्यक्ष उदय सिंह जाटव, प्रभाव चैधरी, मजीद खान, दिनेश, लेखराज, वीरपाल, जिला प्रमुख प्रतिनिधि रक्षी लाल बैरवा, अमृत बैरवा, रामविलास सहित कई लोगों ने राष्ट्रपति के नाम का जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश कर बताया कि गत 17 दिसंबर को संसद सत्र के दौरान डॉ भीमराव अंबेडकर पर केंद्र सरकार के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा अशोभनीय टिप्पणी करने पर देश की आम जनता में भारी रोष है उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब के बारे में जो अशोभनीय टिप्पणी की गई है जिसका हम घोर विरोध करते हैं गृहमंत्री अमित शाह देश कि जनता से इस संदर्भ में माफी मांगे और पद से इस्तीफा दें।

छात्रों ने प्रशिक्षण संस्थान का भ्रमण किया

करौली (नि.स.)। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के निर्देशानुसार एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण के लिए स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक करौली के विद्यार्थियों ने जिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान करौली का भ्रमण किया।

प्रधानाचार्य गोविन्द सहाय प्रजापत ने बताया कि इसी सत्र से सिलाई ट्रेड प्रारंभ हुआ है जिसमें कक्षा 9जी के 40 विद्यार्थी रजिस्टर्ड है तथा सैद्धांतिक एवं अर्जित कौशल को वास्तविक कार्य स्थल के साथ संबंध करने के लिए इस प्रकार के भ्रमण किए जाते हैं। जिल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान करौली की सिलाई ट्रेड अनुदेशक कीर्ति प्रजापति ने विद्यार्थियों को सिलाई तथा इससे संबंधित टूल्स के बारे में बताया कि कैंची द्वारा कपड़ों की कटिंग करना, सिलाई करना, स्टेंड नाइफ मशीन द्वारा ड्राफ्टिंग किए गए 20- 30 कपड़ों की कटिंग करना, थ्रेड कटर द्वारा धागा काटना,मार्कर व्हील द्वारा ड्राफ्टिंग करना, स् स्केल द्वारा ड्राफ्टिंग में लाइन के निशान लगाना, फ्रेंच स्केल द्वारा गले का निशान बनाना, फ्रीडा डॉग मशीन द्वारा चोर सिलाई करना, बटन टैग मशीन द्वारा बटन लगाना, फीता द्वारा मापने का कार्य, सिमरी फर द्वारा सिलाई हटाना, ड्राफ्टिंग टेबल , डमी मॉडल, ओवर लॉक मशीन द्वारा कपड़ों के किनारों को लॉक करना, बाल टेक मशीन द्वारा टांका लगाना, जिग-जैग मशीन द्वारा कपड़ों पर डिजाइन बनाना, कांच बटन मशीन के कार्य, टू निडिल मशीन द्वारा केनवास की सिलाई, मशीन में प्रॉपर सुई और धागा का उपयोग करना,वोविन केस में धागा भरना, तेल, घी, पेंट आदि द्वारा लगे धाग हटाना, सामान्य मशीन द्वारा कपड़ों की सिलाई , सिलाई के लिए माप लेना, कर्व डिजाइन करना ,कोट ब्रश द्वारा कपड़े की चमक लाना और अन्य कार्यों की जानकारी विद्यार्थियों को दी गई।

■ **'इसी सत्र से सिलाई ट्रेड प्रारंभ हुआ है जिसमें कक्षा 9जी के 40 विद्यार्थी रजिस्टर्ड हैं'**

भागवत कथा का शुभारंभ

टोडाभीम। उपखंड क्षेत्र के ग्राम पाड़ला में 132 केवी विद्युत ग्रिड के समीप स्थित भैरोंजी महाराज मंदिर पर सोमवार को विशाल कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। भागवत कथा के शुभारंभ पर भव्य एवं विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा में शामिल होने के लिए सोमवार को सुबह 8:00 बजे मंदिर परिसर में महिलाएं एकत्रित हुई। सर्वप्रथम मंगल कलशों का विधिविधान पूर्वक मंत्रोच्चार के साथ पंडित द्वारा पूजन करवाया गया। इसके उपरांत सभी महिलाओं ने अपने सिर पर मंगल कलश धारण किए और बैंडबाजे व डीजे पर बज रहे धार्मिक भजनों पर नाचते गाते हुए कलश यात्रा रवाना हुई।

संगठन की मजबूती पर बल

भरतपुर (निस)। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सेवर की साधारण सभा की बैठक अंबेडकर पार्क सेवर में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दीनदयाल जाटव की अध्यक्षता में तथा कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा के मुख्य आतिथ्य तथा दयाचंद पचौरी के विशिष्ठ आतिथ्य में संपन्न हुई।

जिला संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि बैठक में सर्वप्रथम ब्लॉक अध्यक्ष दीनदयाल जाटव, मुख्य अतिथि दिनेश सूपा एवं विशिष्ट अतिथि दयाचंद पचौरी ने डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा ने संगठन की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी त्याग, तपस्या और बलिदान पर आधारित पार्टी है। देश को आजाद करने में सिर्फ कांग्रेसी विचारधाराओं के महापुरुषों ने अपना बलिदान देते हुए देश हित में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

आज भारतीय जनता पार्टी के नेता देश के संविधान निर्माता तथा विश्व के सबसे अच्छे लोकतंत्र का निर्माण करने वाले बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का अपमान करके देश को कमजोर करने का असफल प्रयास कर रहे हैं, जिसे कांग्रेसी कार्यकर्ता कभी सहन नहीं करेगा। बैठक की अध्यक्षता कर रहे दीनदयाल जाटव ने उपस्थित सभी अतिथि एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए सेवर ब्लाक के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी प्रस्तुत की तथा भविष्य में जिला एवं प्रदेश कांग्रेस द्वारा प्राप्त सभी निर्देशों की भली भांति पालन करने का भी आश्वासन दिया।

स्वागत किया

गंगापुर सिटी । जिला मुख्यालय पर हाल ही संपन्न बार एसोसिएशन के चुनावों में नवनिर्वाचित हुए अध्यक्ष दिनेश शर्मा उर्फ चंदा सहित उपाध्यक्ष दीपक तिवारी, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमावत, पुस्तकालय अध्यक्ष संतोष वर्मा और विद्युत विभाग अधीक्षण अभियंता रूप सिंह गुर्जर सहित प्रदेश सरकार द्वारा मनोनीत लोक अभियोजक एडवोकेट नवीन शर्मा एवं एडवोकेट घनश्याम सिंह का मिर्जापुर रोड स्थित कटारिया चैम्बर पर सुरेश कटारिया के सानिध्य में माला, साफा पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष दिनेश शर्मा चंदा ने कहा कि हम सभी नवनिर्वाचित, मनोनीत पदाधिकारीयों द्वारा अपनी जिम्मेदारियों का बार एसोसिएशन के सभी सदस्यों सहित आमजन के हित में पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करने के लिए तत्पर रहते हुए कार्यो को पूर्ण किया जाएगा।

सरस्वती बाल विद्यालय सलेमपुर का निरीक्षण

करौली। सलेमपुर में स्थित आवासीय सरस्वती बाल विद्यालय जिसमें अध्ययन करने वाले एक विद्यार्थी को चोट लगने के दौरान देहांत हो जाने की जानकारी लेने के लिए जिला बाल कल्याण समिति द्वारा आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान स्टाफ से जानकारी करने पर विद्यालय का सरकारी रिकॉर्ड एवं वहां पर रह कर अध्ययन करने वाले छात्रों के बारे में जानकारी चाहिए तो इस बारे में स्टाफ द्वारा सही जानकारी नहीं दी गई। जैसा कि अभी 2 दिन पहले ही विद्यालय में अध्ययन करने वाले एक विद्यार्थी के चोट लगने से उसकी मृत्यु हो जाने पर जिला बाल कल्याण समिति ने स्कूल प्रशासन के खिलाफ तुरंत प्रभाव से संज्ञान लेते हुए स्कूल प्रशासन को इसकी पूरी जानकारी बाल कल्याण समिति को पूरे दस्तावेजों के उपलब्ध कराने के आदेश दिए।

आवासीय विद्यालय में बच्चों के रहने एवं खाने-पीने की स्थिति की जानकारी की एवं मौके पर ही शिक्षा विभाग के अधिकारियों से विद्यालय के बारे में जानकारी प्राप्त की। विद्यालय में साफ सफाई एवं रोशनी की व्यवस्था सही नहीं पाई जाने पर जिला बाल कल्याण समिति ने विद्यालय प्रशासन को तुरंत ही इसमें उचित व्यवस्था करने के आदेश भी दिए।

कलश शोभा यात्रा के साथ भागवत कथा शुरु

गंगापुर सिटी । गंगापुर सिटी जिले में सोमवार को विजय पैलेस में श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन को लेकर पुरानी अनाज मंडी सीताराम मंदिर से 1171 कलश शोभा यात्रा में शामिल हजारों महिला पुरुषों भक्तों के जयकारों से शहर भक्तिमय हो गया।

श्रद्धालु सुबह 9 बजे सीताराम मंदिर से मोतीलाल गोयल, शकुंतला गोयल सहित परिवार जनों द्वारा कलश शोभा यात्रा की विधि विधान से पूजा अर्चना कर 1171 कलश महिलाओं द्वारा सिर पर धारण कर ढोल नगाडे बैंड बाजा के साथ मंदिर प्रांगण पुरानी अनाज मंडी की परिक्रमा करते हुए बिजली घर फवारा चौक से होते हुए कथा स्थल विजय पैलेस के लिए रवाना हुए। कलश शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में महिला पुरुष भक्तगण शामिल हुए। राष्ट्रीय कथाकार आचार्य गोविंद भैया जी वृंदावन वाले रथ पर विराजमान रहे। श्रीमद् भागवत कथा पोथी मोतीलाल गोयल पीलोदा वाले सर पर रखकर चल रहे। प्रधान कलश शकुंतला गोयल सर पर धारण किए हुए एवं परिवारजन और भक्तजन नाचते झूमते मंगल चारण करते हुए चल रही थे। यात्रा की विशालता देखते हुए बन रही थी आगे का सिरा कथा स्थल विजय पैलेस था तो कलश यात्रा का अंतिम छोर फव्वारा चौक पर था। महिला मंडल की कार्यकर्ताओं द्वारा कलश वितरण के साथ कलश यात्रा की व्यवस्था को सुचारू रूप से संभाला। कथा स्थल पर पहुंचकर सभी को जलपान के साथ प्रसादी वितरण की गई। आचार्य गोविंद भैया जी वृंदावन वालों द्वारा श्रीमद् भागवत कथा के महत्व का विस्तार रूप से मार्मिक एवं धार्मिक वर्णन किया। इस मौके पर बाबूलाल गोयल, रामदयाल, राधा मोहन गोयल, सुनील भाई, मदन मोहन, नितेश गोयल, घनश्याम दास बजाज, सुरेश चंद, रामू गुट्टा, महेंद्र गर्ग, महेश गीजगढ, वेद प्रकाश मंगल, गिर्राज प्रसाद, प्रेमचंद तलावडा, रूपचंद, कैलाश चंद, ओम प्रकाश, संतोष इंश्योरेंस, दीनदयाल मच्छीपुरा, संजय ठीकरिया, देवी चरण गर्ग, रामचरण, प्यारेलाल गर्ग, बिहारी लाल, रवि मंडावरी, ब्रह्मानंद, भैरों लाल, घनश्याम, जगदीश प्रसाद, राम अवतार, शिवदयाल सैगरपुरा, राहुल अग्रवाल, सरोज गर्ग, रेखा गर्ग, पदमा अग्रवाल, हंस जिंदल, अनीता पंसारी, भारती गोयल आदि सहित सैकडो महिला एवं पुरुषों ने कलश शोभायात्रा में सहयोग प्रदान किया। कलश शोभा यात्रा में हजारों महिला पुरुषों में भाग लिया। आयोजन से जुडे नितेश गोयल ने बताया कि प्रतिदिन भागवत कथा साढे 12 बजे से प्रारंभ होकर शाम 5 बजे तक का समय रहेगा ज्यादा से ज्यादा भक्तगण श्रीमद् भागवत कथा में शामिल होकर धर्म लाभ लेवें।

■ **बैंड बाजे के साथ निकाली 1101 कलशों की यात्रा, पुष्प वर्षा कर शहरवासियो ने किया स्वागत**

भामाशाहों ने स्कूल बच्चों को गर्म जर्सीयां पहनाई

करौली (नि.स.) । टीम मित्राय बी ह्यूमन इंडिया फाउंडेशन के सौजन्य से डॉ विनीत शर्मा, रश्मि शर्मा द्वारा नगर परिषद करौली के तीन सरकारी विद्यालय के करीब 300 विद्यार्थियों को जर्सी वितरण किया गया। पोषाहार बनाने वाली 8 महिलाओं को कार्डिगन, स्वच्छता सैनिकों को जर्सी भेंट की।

इस अवसर पर तीनों विद्यालय राजकीय उच्च प्राथमिक बापू विद्यालय फूटाकोट, राजकीय बालिका प्राथमिक विद्यालय सीताबाड़ी, एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर एक स्कूल की प्रबंधन समिति को फर्श खरीद हेतु 31000 नगद भी भेंट किए गए !कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमना राम जाट रहे अध्यक्षता मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी इंद्रेश तिवारी ने की इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उपभोक्ता न्यायालय के सदस्य सुरेन्द्र चतुर्वेदी, डायट प्रिंसिपल पुष्पेंद्र शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता नवल किशोर शर्मा,पेंशनर मंच के जिला अध्यक्ष दिनेश चंद चतुर्वेदी, जिला सत्र न्यायालय के पी पी एडवोकेट गोविंद चतुर्वेदी,गोमती मेमोरियल संस्थान अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा, खादी ग्राम सेवा मंडल करौली के मंत्री सौरभ शर्मा रहे उपस्थित अतिथियों ने कार्यक्रम के आयोजक डॉ विनीत शर्मा,रश्मि शर्मा सहित टीम मित्राय ग्रुप की सभी सम्मानित सदस्यों का ऐसे पुनीत पुण्यार्थ सेवा कार्य हेतु हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम के अतिथियों को माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेटकर सम्मान किया गया साथ ही करौली विकास मंच ने डॉ. विनीत शर्मा एवं रश्मि शर्मा को मदन मोहन जी का चित्रपट्ट भेंटकर स्वागत किया। सभी विद्यार्थियों सहित अन्य लाभार्थियों ने गर्म वस्त्र प्राप्त कर बहुत प्रसन्नता व्यक्त की इस अवसर पर टीम मित्र द्वारा भविष्य में भी किसी भी सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों में सहयोग हेतु विश्वास एवं भरोसा दिलाया गया टीम मित्र द्वारा सामाजिक सरोकारों से जुड़े स्वास्थ्य एवं शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिदिन प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहते है अब तक करीब 57000 स्वेटर कंबल,हुडी,ट्रैकसूट्स गर्म कपड़े वितरित किए जा चुके है। यह टीम मित्राय का 13 वा ड्राइव है मित्राय टीम के सदस्य समाजसेवी बबलू शुक्ला,पूर्व पार्षद ललित हरदेनिया, धर्मेंद्र शर्मा , विक्की शुक्ला, महेन्द्र सिरोठिया, देवेंद्र शर्मा, पूर्व पार्षद पुनीत महेरा सहित नगर परिषद के पार्षद यतेंद्र सिंह, दीपक शर्मा विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य सेवानिवृत्त वरिष्ठ शिक्षक बृजभूषण शर्मा , वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण गोपाल शुक्ला, आशीषकांत कौशिक, टीकाराम मीना,बाला साहब, देवेंद्र शर्मा उपस्थित रहे।

■ **300 विद्यार्थियों को जर्सी वितरण किया गया। पोषाहार बनाने वाली 8 महिलाओं को कार्डिगन, स्वच्छता सैनिकों को जर्सी भेंट की।**

करौली के बापू विद्यालय में टीम मित्राय कि ओर से बच्चों को गर्म वस्त्र वितरित किए।

सार-समाचार

चौधरी चरण सिंह की जयंती मनाई

भरतपुर (निस)। महाराजा जवाहर सिंह स्मारक समिति भरतपुर द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जयंती को किसान दिवस के रूप में मनाया गया। मीडिया प्रभारी डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि भारत के पांचवे प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का जन्म उत्तरप्रदेश के मेरठ जिले के नूरपूर गांव में 23 दिसम्बर 1902को मध्यमवर्गीय किसान परिवार में हुआ तथा अपनी योग्यता और प्रतिभा से प्रधानमंत्री पद तक पहुचे। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में भूमि सुधार का पूरा श्रेय चौधरी चरण सिंह को है। वे एक कुशल राजनेता, व्यवहारवादी व अर्थशास्त्री थे। उन्होंने जमींदारी उन्मूलन, भारत की गरीबी और उसका समाधान, किसानों की भूसम्पति, प्रिवेजन ऑफ डिवीजन ऑफ होल्डिंग्स बिल ए सरटैन मिनीमम आदि किताबें लिखी। समिति महासचिव सुधीरपाल सिंह ने कहा कि चौधरी चरण सिंह किसान, दलित व वंचितों के दुख दर्द को समझते थे तथा जीवन पर्यंत वंचितों के लिए संघर्ष किया। कोषाध्यक्ष जल सिंह फौजदार, थान सिंह सोलंकी, हीरा सिंह आर्य ने भी विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर मनोज चौधरी, निर्मल मडरपुर, किशन सिंह, लोकेन्द्र, रामवीर सिंह डागुर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

दूसरे दिन भी चला पीला पंजा

नदबई (निस)। मुख्यमंत्री बजट में स्वीकृत होने के बाद करीब सवा साल पहले करीब 11 करोड़ की लागत से बैलारा कबई करही से सेवर के बीच शुरु हुए सड़क चौडाईकरण की चिन्हित जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर सोमवार को भी तहसीलदार कैलाश गौतम के नेतृत्व में विभागीय व पंचायतीराज टीम ने भारी पुलिस जाब्ते की मौजूदगी में दो अलग-अलग जेसीबी की सहायता से अतिक्रमण ध्वस्त करने की कार्रवाई को अंजाम दिया। गौरतलब है कि, पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से सडक चौडाईकरण की सीमा निर्धारित कर अतिक्रमण हटाने के लिए तहसील कार्यालय व पंचायत समिति कार्यालय को नोटिस जारी किए। बाद में ग्राम पंचायत की ओर से ग्रामीणों को अतिक्रमण हटाने के नोटिस जारी किए गए। बाद में चिन्हित जमीन से अतिक्रमण नही हटाने के चलते एसडीएम गंगाधर मीणा के निर्देश पर गुरुवार व सोमवार को तहसीलदार कैलाश गौतम के नेतृत्व में विभागीय व पंचायतीराज टीम ने भारी पुलिस जाब्ते की मौजूदगी में जेसीबी की सहायता से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को अंजाम दिया।

स्व. चौधरी चरण सिंह को याद किया

भरतपुर (निस)। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की एक सौ बाईस वीं जयंती के अवसर पर बयाना उपखंड के गांव सालाबाद में राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय सचिव सुरेंद्र सिंह कंसाना की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में उनका भावभीना स्मरण करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर जयंती मनाई। कार्यक्रम में ग्रामीण, युवा, किसान, मजदूर आदि शामिल हुए। जिन्होंने स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के सम्मान में जयकारे लगाते हुए उनका भावभीना स्मरण किया। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय सचिव सुरेंद्र कंसाना ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने किसानों मजदूरों युवाओं के हितों में अनेकों उल्लेखनीय फैसले लिए और बड़े काम किए थे वह सच्चे और किसानों के मसीहा थे। जो हमेशा किसानों, मजदूरों, खेतों, खलिहानों और युवाओं के हित में काम करते थे। इस मौके पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं, युवाओं व किसान, मजदूरों ने स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के आदर्शों को अपनाने और उनके बताएं मार्ग पर चलने का भी संकल्प दोहराया।

228 छात्रों ने कराया प्रकृति परीक्षण

भरतपुर (निस)। देश का प्रकृति परीक्षण अभियान के अन्तर्गत केन्द्र सरकार के तत्वाधान में चलाये जा रहे अभियान का हरिदत्त डिग्री कॉलेज सेवर में 228 छात्र-छात्राओं ने कराया परीक्षण। अभियान में 8 चिकित्सक राजकीय आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के एकीकृत महाविद्यालय से सम्मिलित हुए। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री द्वारा 29 अक्टूवर को इस अभियान का शुभारम्भ किया गया था। जिसमें प्रकृति ऐप के द्वारा 22 प्रश्नों की एक श्रृंखला सम्बन्धित छात्र को भरनी होती है, जिसमें स्वास्थ्य व प्रकृति की विभिन्न जानकारियां भरने के बाद एक स्वास्थ परीक्षण का परिपत्र प्राप्त होता है।

वाजपेयी का जन्मदिन मनाया जायेगा

गंगापुर सिटी । पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में मनाया जावेगा। सभापति शिवरतन अग्रवाल ने बताया कि बुधवार को प्रातः 10 बजे स्थानीय अटल उद्यान राजकीय चिकित्सालय गंगापुर सिटी पर पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समारोह की शुरूआत की जावेगी। इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन चित्र एवं जीवन संस्मरणों की एक प्रदर्शनी भी दर्शनार्थ लगाई जावेगी। सभापति शिवरतन अग्रवाल ने सभी गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं पार्षदगणों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण

रूपवास । शहर के रैनबसेरा व अन्नपूर्णा रसोई का एसडीएम विष्णु बंसल व ईओ योगेश पिप्पल ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम ने रैनबसेरा के रजिस्टर को चेक किया। तथा कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वही हरेक आने वाले व्यक्ति की सही तरीके से जांच कर आधार कार्ड की एंट्री करने की बात कही। तथा गद्दा रजाई की तह बनाकर रखने व गंदे बिस्तर नही देने के निर्देश दिये। इसके बाद अन्नपूर्णा रसोई घर का निरीक्षण किया। जहा खाना खाने आने वाले अधिकतर लोगों के मोबाइल नंबर एड करने, गर्मागर्म ताजी भोजन परोसने की बात कही। इस दौरान संचालक नरेन्द्र परमार, अमरनाथ रघुवंशी, सुनील कुमार, पंकज कुमार, पवन कुमार उपस्थित थे।

बच्चों को स्कूल बैग दिया

भरतपुर (निस)। लायंस क्लब भरतपुर द्वारा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मडौली में, गरीब एवं कमजोर वर्ग के 50 बच्चों को, एक एक स्कूल बैग, एक कापी, एक पेन्सिल एवं एक-एक बिस्कुट का पैकिट दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के काफी बच्चे उपस्थित थे तथा लायंस क्लब की ओर से क्लब के वरिष्ठ लायन साथी आरपी शर्मा, मनोज झालानी, अध्यक्ष लक्ष्मन पाठक, कोषाध्यक्ष रजत आर्य उपस्थित रहे। आरपी शर्मा द्वारा बच्चों से पढाई के संबंध में वार्तालाप किया एवं आर्शीवाद प्रदान किया। विद्यालय की ओर से प्रधानाध्यापक देवेन्द्र, महेश चन्द्र, मीनू सिंह, राजकुमारी शर्मा, पूनम शर्मा एवं मंजू कुमारी उपस्थित थीं।

स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

करौली (नि.स.) चैतन्य संस्थान द्वारा संचालित चैतन्य मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह करीली पर एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला अस्पताल की वारिधविकित्सक अधिकारी वर्ग ईश किशोर जिन्दल द्वारा मानसिक विमंदित सच्चों का चर्मरोग से सम्बन्धित स्वास्थ्य परीक्षण किया। साथ ही बच्चों को रोग सम्बनित पद एक उपचार दिया गया। इस दौरान संस्था सचिव प्रेमलता शर्मा, डीन रंजन कुमार एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

वीणा जन्मोत्सव 25 को

करौली । करौली जिला मुख्यालय पर वीणा जन्मोत्सववार्षिक उत्सव समारोह 25 दिसंबर बुधवार को धूमधाम के साथ आयोजित किया जाएगा। वीणा मेमोरियल सेवा समिति करौली के सचिव विजय सिंह ने बताया कि समिति द्वारा संस्थापिका स्वर्गीय श्रीमती वीणा सिंह के जन्म दिवस पर वीणाजन्मोत्सव एवं वार्षिक उत्सव कार्यक्रम बुधवार 25 दिसंबर को दोपह